

जब अस्पताल में किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है

Eastern Health का प्रबंधकीय वर्ग और इसके कर्मचारी इस घड़ी में आपको सच्चे मन से अपना शोक प्रकट करना चाहते हैं। Eastern Health के कर्मचारी आपको यह समझने में सहायता करने के लिए अपनी ओर से श्रेष्ठ प्रयास करेंगे कि अस्तपाल में किसी की मृत्यु होने के पश्चात क्या होता है और आपको आगे ऐसा क्या करने की आवश्यकता हो सकती है जो आपके या मृतक व्यक्ति के लिए उचित हो, और जो मृत्यु से संबंधित विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारंपरिक मान्यताओं और प्रथाओं को ध्यान में रखता हो। .

यह जानकारी निम्नलिखित के लिए संदर्शिका के तौर पर उपलब्ध कराई जाती है:

- अस्पताल में मृत्यु होने पर पूछे जाने वाले कुछ प्रश्न।
- मृत्यु होने पर अनुभव किए जाने वाली भावनात्मक प्रतिक्रियाएं।
- समुदाय में सहायता सेवाएं
- ऐसे व्यावहारिक मुद्दे जिनका सामना करने की आवश्यकता आपको पड़ सकती है।

दुभाषिए – आप घर से हमारे साथ किस प्रकार संपर्क कर सकते/सकती हैं:

यदि आपको अंग्रेज़ी भाषा को लेकर कोई परेशानी आती है और आप हमसे संपर्क करना चाहते/चाहती हैं, तो आप एक टेलीफोन दुभाषिया सेवा का प्रयोग कर सकते/सकती हैं – **131450 पर कॉल करें** सबसे पहले, कोई व्यक्ति अंग्रेज़ी में फोन का जवाब देगा और आपको इन चरणों का अनुसरण करने की आवश्यकता होगी:

1) जो भाषा आप बोलते/बोलती हैं, उसका नाम बताएं और फोन पर प्रतीक्षा करें। आपको आपकी भाषा बोलने वाले दुभाषिए के साथ कनेक्ट किया जाएगा, फिर
2) जिस टेलीफोन नम्बर पर आप कॉल करना चाहते/चाहती हैं, वो बताएं
3) यदि पता हो, तो जिस व्यक्ति से आप बात करना चाहते/चाहती हैं उसका नाम बताएं
4) कनेक्ट किए जाने के लिए फोन पर प्रतीक्षा करें और दुभाषिया आपकी सहायता करेगा। दुभाषिया सेवाएं आम-तौर पर आपको *निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

यह सेवा द्वारा चिन्हित सरकारी तौर पर वित्त-पोषित सभी संस्थाओं के लिए *निःशुल्क उपलब्ध है

Eastern Health के संपर्क:

Eastern Health: डॉक्टर, नर्सें, सामाजिक कार्यकर्ता, पादरी और पेस्टोरल देखभाल के कर्मचारी इस घड़ी में आपके प्रश्नों का उत्तर देने, सूचना और सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं। कर्मचारियों से ***सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे*** के बीच संपर्क करें। हमारे रिसेप्शन कर्मचारियों से निवेदन करें कि वे आपको उस विभाग या स्टाफ के सदस्य से कनेक्ट करें जिससे आप बात करना चाहते/चाहती हैं। यदि वे उपलब्ध न हों, तो आपको अपने संपर्क विवरण के साथ उनके लिए एक संदेश छोड़ने की ज़रूरत हो सकती है।

सप्ताहांत के दौरान उपलब्ध सहायता कर्मचारियों की संख्या को कम किया जाता है।

Angliss Hospital	फोन: (03) 9764 6111
Box Hill Hospital	फोन: (03) 9895 3333
Healesville Hospital	फोन: (03) 5962 4300
Maroondah Hospital	फोन: (03) 9871 3333
Peter James Centre	फोन: (03) 9881 1888
Wantirna Health	फोन: (03) 9955 1200
Yarra Ranges Health	फोन: (03) 9091 8888
Yarra Valley Community Health Service	फोन: 1300 130 381

उपरोक्त सभी अस्पताल।

आगे क्या होता है?

जिस व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हुई हो, उसके अंतिम दर्शन करना

मृतक व्यक्ति के अंतिम दर्शन करना एक बहुत ही व्यक्तिगत निर्णय है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि अस्पताल के कर्मचारी और फ्यूनरल डॉयरेक्टर्स (अंतिम-संस्कार के प्रबंधक) इस प्रक्रिया में आपकी सहायता करने के लिए उपलब्ध हैं।

कुछ लोगों के लिए मृतक व्यक्ति के अंतिम दर्शन करना उनके द्वारा शोक प्रकट करने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण भाग होता है। जिस व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हुई हो उन्हें देखने की व्यवस्था की जा सकती है। अपनी आवश्यकताओं के बारे में कर्मचारियों से चर्चा करें और यदि आप परिवार के और सदस्यों के आने की प्रतीक्षा कर रहे/रही हैं, तो उन्हें बताएं। अस्पताल के भीतर सुविधाएं सीमित हैं और इस बात को प्राथमिकता दी जाएगी कि अंतिम दर्शन करने की व्यवस्था किसी फ्यूनरल होम में की जाए।

मृतक व्यक्ति तब तक अस्पताल में रहेगा जब तक कि आप किसी फ्यूनरल डॉयरेक्टर का चयन नहीं कर लेते/लेती हैं और अपनी पसंद के फ्यूनरल होम में उनका स्थानांतरण किए जाने की अनुमति नहीं देते/देती हैं।

जिस व्यक्ति की फ्यूनरल होम में मृत्यु हुई हो, उसके अंतिम दर्शन करना

मृतक व्यक्ति के अंतिम दर्शन करने की व्यवस्था फ्यूनरल डॉयरेक्टर के माध्यम से भी की जा सकती है। इस निवेदन का कुछ खर्च हो सकता है। मृतक व्यक्ति के अंतिम दर्शन करना उन परिजनों या मित्रों को उन्हें अंतिम बार अलविदा करने का अवसर दे सकता है जो उनकी मृत्यु होने के समय अस्पताल में मौजूद नहीं थे। अंतिम दर्शन करना उस परिस्थिति में भी बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है जहाँ मृतक व्यक्ति को दफन करने, दाह-संस्कार या भूगर्भित (इंटर्नमेंट) करने के लिए किसी दूसरे राज्य या विदेश में स्थानांतरित किया जाना हो।

फ्यूनरल डॉयरेक्टरों से संपर्क करना

Eastern Health फ्यूनरल डॉयरेक्टरों की सिफारिश नहीं कर सकता है। ऐसा हो सकता है कि मृतक व्यक्ति ने अपनी मृत्यु से पूर्व अपनी खुद की फ्यूनरल व्यवस्था की हो या अपनी इच्छा के बारे में परिवार या किसी करीबी मित्र को बताया हो अथवा अपनी वसीयत में इसके बारे में कुछ बताया हो – इस निर्णय के बारे में अपने परिवार या मित्रों से चर्चा करें। फ्यूनरल डॉयरेक्टर्स की सूची के लिए अपनी स्थानीय टेलीफोन डायरेक्टरी देखें या अस्पताल के स्टाफ के किसी सदस्य से बात करें।

पहले से भुगतान की गई फ्यूनरल व्यवस्थाएं

आपके द्वारा किसी फ्यूनरल डॉयरेक्टर को नियुक्त किए जाने से पहले, यह जाँच करें कि क्या मृतक व्यक्ति ने कोई ऐसे दस्तावेज छोड़े हैं जो यह दर्शाते हों कि उन्होंने किसी विशिष्ट कम्पनी के साथ अपनी फ्यूनरल व्यवस्थाओं का पहले से ही भुगतान किया हुआ है, इसमें दफन करने, दाह-संस्कार करने या भूगर्भित (इंटर्नमेंट) करने के निर्णय शामिल हैं।

खर्चे और सेवाएं अलग-अलग फ्यूनरल डॉयरेक्टर्स के यहाँ अलग-अलग होती हैं और हम इस बात का सुझाव देते हैं कि आप कोई अंतिम निर्णय लेने से पहले कुछ भिन्न कम्पनियों से बात करें और उनकी तुलना करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपकी ज़रूरतें पूरी की जाएंगी और आप उस खर्चे को समझते/समझती हैं कि जिसका भुगतान करने की आप सहमति दे रहे/रही होंगी।

कुछ लोग फ्यूनरल व्यवस्थाओं के लिए वित्तीय सहायता के पात्र होते हैं।

निर्णय और विकल्प

मृतक व्यक्ति को दफनाए जाने, भूगर्भित (इंटर्नमेंट) या दाह-संस्कार किए जाने के आपके विकल्प पर चर्चा करने के लिए आपकी पसंद के फ्यूनरल डॉयरेक्टर आपसे मिलेंगे। फ्यूनरल, मेमोरियल (स्मारक) या रिमेम्बरिंग सर्विस (याद करने के लिए आयोजित उपासना) अथवा आपकी आवश्यकताओं, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक या परंपरागत प्रथाओं के अनुसार किसी अन्य तरह की रस्म का भी विकल्प होता है।

कुछ परिस्थितियों में, परिवार ऐसा चाह सकते हैं कि मृतक व्यक्ति को किसी ग्रामीण कस्बे, किसी दूसरे राज्य या विदेश में दफनाया जाए, या वहाँ उनका दाह-संस्कार या उन्हें वहाँ भूगर्भित किया जाए। जितनी जल्दी संभव हो सके, इसकी चर्चा फ्यूनरल डॉयरेक्टर से की जानी चाहिए।

किसी भी प्रकार की सर्विस (उपासना) या रस्म को करने की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है। किसी मान्यता-प्राप्त सेमेट्री या क्रीमेटोरियम (शमशान) के माध्यम से मृतक व्यक्ति के शरीर को दफनाए जाने, भूगर्भित या दाह-संस्कार किए जाने की व्यवस्था करना एकमात्र कानूनी आवश्यकता है जिसका आपको अनुपालन करना चाहिए।

विशेष प्रथाएं और परंपराएं

यदि आपकी कोई विशिष्ट ज़रुरतें हैं तो कृपया हमारे कर्मचारियों को जितनी जल्दी संभव हो सके, सूचित करें। इन ज़रुरतों में वो सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक या पारंपरिक रस्में शामिल हैं जिन्हें आप Eastern Health देखभाल में उनकी उपस्थिति के दौरान करना चाहते/चाहती हैं।

पेस्टोरल केयर (पादरी संबंधी देखभाल)

पेस्टोरल देखभाल कर्मचारी प्रत्येक अस्पताल स्थल पर उपलब्ध होते हैं और आपके लिए आवश्यक किन्हीं विशिष्ट आध्यात्मिक ज़रूरतों या रस्मों की व्यवस्था करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। इसमें आपकी धार्मिक परंपराओं या आध्यात्मिकता के किन्हीं विशेष प्रतिनिधियों से संपर्क करना या पवित्र ग्रंथों तक पहुँच प्राप्त करवाना शामिल है।

ये पेस्टोरल कर्मचारी सभी लोगों के लिए उपलब्ध होते हैं भले ही वे किसी भी धर्म को मानते हों या फिर उन्हें केवल बात करने के लिए किसी की आवश्यकता हो। यदि आप पेस्टोरल केयर से बात करना चाहते/चाहती हैं तो कृपया उनसे संपर्क करें।

प्रत्येक अस्पताल स्थल Sacred Space कहा जाने वाला क्षेत्र भी उपलब्ध कराता है जो कि शांतिपूर्वक चिंतन करने या प्रार्थना करने के लिए उपलब्ध होता है।

Eastern Health से देखभाल को स्थानांतरित करना

आपके द्वारा एक बार किसी विशिष्ट फ्यूनरल डॉयरेक्टर की सेवाओं को लेने का निर्णय लिए जाने के पश्चात, वे मृतक व्यक्ति को आपकी पसंद के फ्यूनरल होम में स्थानांतरित कर देंगे।

यदि मृतक व्यक्ति पर ऑटोप्सी (शव-परीक्षा) की जानी हो, तो उस व्यक्ति को फ्यूनरल डॉयरेक्टर के लिए रिलीज किए जाने में देरी हो सकती है। देरी का एक दूसरा कारण स्टेट कॉरोनर को शामिल किया जाना हो सकता है।

मृत्यु का प्रमाण-पत्र

मृत्यु का प्रमाण-पत्र उपचार करने वाली चिकित्सीय टीम द्वारा पूरा किया जाता है। अस्पताल के कर्मचारी फिर इस प्रमाण-पत्र को फ्यूनरल डॉयरेक्टर को भेजेंगे जो कि इसे जन्म, मृत्यु और विवाह के कार्यालय में दर्ज करेगा। जन्म, मृत्यु और विवाह के कार्यालय द्वारा एक प्रमाणित प्रति उत्तरदायी व्यक्ति को डाक द्वारा भेजी जाएगी। यदि यह प्रति जल्दी चाहिए हो, तो कृपया फ्यूनरल डॉयरेक्टर से बात करें।

अंग या टिशु (ऊतक) दान

Eastern Health के कर्मचारियों द्वारा आपको अंग या टिशु दान करने पर विचार करने का निवेदन किया जा सकता है।

इसमें आपकी लिखित सहमति का दिया जाना शामिल हो सकता है ताकि विशिष्ट अंगों या टिशुओं को मृतक व्यक्ति से लिया जा सके और फिर इनका प्रतिरोपण गंभीर रूप से बीमार किसी व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने और कुछ मामलों में उनके जीवन को बचाने के लिए उनमें किया जा सके। कुछ मामलों में ऐसा हो सकता है कि मृतक व्यक्ति ने कुछ निर्देश छोड़े हों कि वे अंग या टिशु दान करना चाहते हैं, और आपसे निवेदन किया जाएगा कि आप अपनी सहमति के द्वारा उनके निर्देशों का समर्थन करें। कर्मचारी इस बात की भी जाँच करेंगे कि क्या मृतक व्यक्ति ने कोई ऐसा दस्तावेज छोड़ा है जिसमें उन्होंने अंग या टिशु **न** दान करने की इच्छा व्यक्त की हो, जिसके परिणामस्वरूप यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनकी इच्छा का सम्मान किया जाता है।

यदि इसे लेकर कोई धार्मिक या सांस्कृतिक आपत्ति हो, तो कृपया तुरंत ही कर्मचारियों को सूचित करें।

अतिरिक्त जानकारी निम्नलिखित पर उपलब्ध है:
जीवन दान, ऑस्ट्रेलियाई अंग एवं टिशु दान एवं प्रतिरोपण प्राधिकरण
www.donatelife.org

पोस्टमार्टम जाँच (ऑटोप्सी)

ऑटोप्सियाँ (शव-परीक्षाएं) दो तरह की होती हैं:

- गैर कॉरोनर संबंधी पोस्टमार्टम जाँच: जो कि अस्पताल में होती है
- कॉरोनर संबंधी पोस्टमार्टम जाँच: जो स्टेट कॉरोनर की समीक्षा प्रक्रिया का भाग है

गैर कॉरोनर संबंधी पोस्टमार्टम जाँच

Eastern Health के चिकित्सीय कर्मचारी आपसे पोस्टमार्टम जाँच की सहमति देने का निवेदन कर सकते हैं। यदि आपको इस प्रक्रिया से कोई आपत्ति हो, या मृतक व्यक्ति की विशेष सांस्कृतिक रस्मों को लेकर कोई चिंताएं हों, तो यह बहुत ज़रूरी है कि आप कर्मचारियों को

इसके बारे में बताएं। यह जाँच कर्मचारियों को यह समझने में मदद कर सकती है कि व्यक्ति की मृत्यु किस कारणवश हुई, विशेषकर यदि मृत्यु अप्रत्याशित हो। परिवार के सदस्य अक्सर इस कारण को जानना चाहते हैं। आपके द्वारा निर्णय लिए जाने से पहले, कर्मचारी इस बारे में चर्चा करेंगे कि क्या होने वाला है और यह क्यों मददगार होगा, और हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि आप यदि आप किसी बात को लेकर अस्पष्ट हैं, या यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो आप उसकी स्पष्टता के लिए कोई भी प्रश्न पूछें।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट की एक प्रति मृतक व्यक्ति का इलाज करने वाली टीम को भेजी जाएगी। आपका पारिवारिक डॉक्टर इस रिपोर्ट की प्रति का निवेदन करने के लिए सक्षम होता है। परिवार रिपोर्ट को इलाज करने वाली टीम या अपने पारिवारिक डॉक्टर के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस रिपोर्ट को पूरा करने में 4 सप्ताहों तक का समय लग सकता है तथा कुछ मामलों में ऐसा हो सकता है कि और अधिक विशेषज्ञ विश्लेषण की आवश्यकता पड़ने पर अंतिम रिपोर्ट की उपलब्धता में और अधिक समय लगे।

विक्टोरियन स्टेट कॉरोनर को शामिल किए जाना

कॉरोनर को उस परिस्थिति में शामिल किया जाता है जहाँ व्यक्ति की चिकित्सीय पृष्ठभूमि और उनकी मृत्यु की परिस्थितियों की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता हो। आम-तौर पर इसमें केवल अस्पताल और कॉरोनर के बीच एक फोन कॉल शामिल होती है। कभी-कभी, और अधिक विस्तृत समीक्षा के लिए मृतक व्यक्ति को अस्पताल से सीधे Southbank, Melbourne में कॉरोनर कोर्ट में स्थानांतरित किए जाने की आवश्कयता होगी।

कॉरोनर को शामिल होने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में कानूनी तौर पर आदेश दिया जाता है:

- व्यक्ति की मृत्यु अप्रत्याशित रूप से हुई हो या वह किसी दुर्घटना या चोट का शिकार हुआ हो अथवा उसकी मृत्यु अप्राकृतिक तौर पर हुई हो
- व्यक्ति अपनी मृत्यु से पहले पुलिस की हिरासत में था
- व्यक्ति की मृत्यु चिकित्सीय कार्यविधि के दौरान अप्रत्याशित रूप से हुई हो
- डॉक्टर मृत्यु का कारण बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने में असक्षम हो
- व्यक्ति की पहचान अज्ञात हो
- व्यक्ति मानव सेवाओं के विभाग (डिपॉर्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसिज़) की देखरेख में था
- व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम (मेंटल हेल्थ ऐक्ट) के तहत निर्धारित एक ऐसा रोगी (involuntary patient) था जिसे मानसिक डॉक्टर के सुझाव पर मानसिक अस्पताल में भर्ती किया गया हो परंतु इसमें उस व्यक्ति की सहमति नहीं थी

जहाँ ऐसी शंका होगी कि व्यक्ति की मृत्यु संबंधी जाँच में कॉरोनर को शामिल करने की आवश्यकता हो सकती है, वहाँ Eastern Health के डॉक्टर सीधे कॉरोनर के कार्यालय से

और फिर मृतक व्यक्ति के परिवार से संपर्क करेंगे। यदि मृतक व्यक्ति के परिजनों को किसी प्रकार की कोई शंका हो, तो वे भी सलाह के लिए कॉरोनर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

कॉरोनर्स सर्विस सेंटर
फोन (03) 9684 4444
कंट्री कॉलर्स: 1800 136 852 (नि:शुल्क कॉल)
www.coronerscourt.vic.gov.au

कॉरोनर के लिए कानूनी तौर पर निम्नलिखित सूचना देना आवश्यक है:

- मृतक व्यक्ति का नाम
- व्यक्ति की मृत्यु के कारण
- व्यक्ति की मृत्यु को आधिकारिक रूप से दर्ज करने के लिए ज़रूरी विवरण

कॉरोनर की समीक्षा प्रक्रिया

किसी व्यक्ति की मृत्यु की परिस्थितियों की समीक्षा करते समय, ऑटोप्सी (शव-परीक्षा) या पैथोलोजी (रोग-निदान) जाँच की जा सकती है। यदि आप चाहते/चाहती हैं कि मृतक व्यक्ति पर ऑटोप्सी न की जाए, तो आपको Eastern Health के कर्मचारियों को सूचित करना चाहिए। इसके पश्चात कर्मचारी आपकी इच्छाओं के बारे में कॉरोनर को सूचित कर सकते हैं ताकि उनका ध्यान रखा जा सके।

व्यक्ति की मृत्यु की परिस्थितियों पर निर्भर करते हुए, पुलिस, डॉक्टरों, फायर ब्रिगेड जैसे विशेषज्ञों से प्राप्त विशेषज्ञ रिपोर्ट्स और व्यक्ति की मृत्यु के किन्हीं गवाहों से बयान भी एकत्रित किए जा सकते हैं। मृत्यु की मात्र कुछ घटनाओं में ही जाँच-पड़ताल (कोर्ट में सुनवाई) शामिल होती है, जहाँ सभी सबूतों और रिपोर्टों की समीक्षा की जाएगी।

अधिकांश जाँच-पड़तालों उन परिस्थितियों में होती है जहाँ व्यक्ति की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई होती है। कॉरोनर को शामिल किए जाने का यह अर्थ नहीं है कि किसी व्यक्ति ने कुछ गलत किया है तथा इसे लेकर परिवार के किसी सदस्य को चिंतित नहीं होना चाहिए।

कॉरोनर की कोर्ट के पास इस प्रक्रिया में शामिल वैयक्तियों या परिवारों के लिए सहायता सेवाओं की सूची उपलब्ध होती है। इसे कॉरोनर की कोर्ट के ब्रोशर (पुस्तिका) में पाया जा सकता है जिसे Eastern Health के कर्मचारियों, पुलिस या कॉरोनर की कोर्ट द्वारा ऐक्सेस किया जा सकता है।

फ्यूनरल व्यवस्थाओं में देरी

कॉरोनर (मृत्यु समीक्षक) के शामिल होने पर फ्यूनरल व्यवस्थाओं के लिए मृतक व्यक्ति को रिलीज किए जाने के कार्य में 24 घंटो से अधिक की देरी हो सकती है। कॉरोनर द्वारा अपने

कार्य पूरे करने के पश्चात, फ्यूनरल डॉयरेक्टर मृत व्यक्ति का स्थानांतरण आपकी ओर से सीधे कॉरोनर ऑफिस से कर सकता है।

यदि आप चाहते/चाहती हैं कि फ्यूनरल व्यवस्थाओं का आयोजन किसी निश्चित समयावधि के दौरान हो तो Eastern Health के स्टाफसे कॉरोनर को सूचित करने का निवेदन करें।

व्यावहारिक मामले

आप किसी अन्य व्यक्ति, सम्भवत: कोई विश्वसनीय मित्र या परिजन से निवेदन कर सकते/सकती हैं कि वे आपकी मदद करें। कुछ लोगों को लगता है कि इन व्यावहारिक कार्यों पर ध्यान देना मददगार होता है। वो कार्य करना महत्वपूर्ण होता है जो आपको अपने लिए सही लगता है। दूसरे लोगों से मदद का निवेदन करने से संकोच न करें क्योंकि बहुत से लोग ऐसे समय में मदद करना चाहते हैं, पर उन्हें यह नहीं पता होता है वे किस प्रकार मदद करें।

वसीयतें

मृतक व्यक्ति की वसीयत, उनके अंतिम निर्देशों या किन्हीं दूसरे कानूनी दस्तावेजों का पता लगाना महत्वपूर्ण होता है। वसीयत या अंतिम निर्देश व्यक्ति द्वारा फ्यूनरल और दफन, दाह संस्कार या भूगर्भित (इंटर्नमेंट) करने के कार्य से संबंधी लिए गए विकल्पों का विस्तृत विवरण दे सकते हैं। किसी विशेष सेमेट्री के साथ मौजूदा पहले से भुगतान किया गया फ्यूनरल अनुबंध-पत्र महत्व का एक अन्य दस्तावेज हो सकता है।

वसीयतों और अंतिम निर्देशों के बारे में कानूनी परामर्श के लिए निम्नलिखित में से किसी से भी संपर्क करें:

- The Victorian State Trustees
  फोन (03) 9667 6444
  www.statetrustees.com.au

- The Victorian Legal Aid Commission
  फोन (03) 9269 0234 या 677 402 (कंट्री कॉलर्स)
  www.legalaid.vic.gov.au

- मृतक व्यक्ति के निजी सॉलिसिटर (वकील) से, या अपनी पसंद के किसी सॉलिसिटर (वकील) से – सूची के लिए स्थानीय टेलीफोन डायरेक्टरी देखें।

प्रोबेट (मृत लेख प्रमाण)

दि प्रोबेट ऑफिस (मृत लेख प्रमाण कार्यालय) सुप्रीम कोर्ट का भाग है, जो आधिकारिक तौर पर एग्ज़ीक्यूटर को पहचान देता है, यह जायदाद को अंतिम रूप देने वाले प्राधिकृत व्यक्ति होता

है। यदि कोई वसीयत नहीं की गई है, तो प्रोबेट ऑफिस जायदाद के लिए एक एग्ज़ीक्यूटर (आम-तौर पर निकटतम सम्बन्धी) को नियुक्त करेगा। प्रोबेट ऑफिस आपको उन कार्यों की पहचान करते हुए निर्देश देगा जिन्हें पूरा करने की आवश्यकता होगी। किसी सॉलिसिटर (वकील) या ट्रस्टी कम्पनी को एग्ज़ीक्यूटर की जिम्मेवारियों में उसकी मदद करने के लिए नामांकित किया जा सकता है।

दि प्रोबेट ऑफिस
फोन (03) 9603 9296

फ्यूनरल (अंतिम संस्कार) संबंधी सहायता

शोक सहायता किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए उपलब्ध हो सकती है जो वाणिज्यिक फ्यूनरल का खर्च न उठा सकता हो। यदि आपको इसके साथ अधिक सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अस्पताल के सामाजिक कार्यकर्ता से बाते करें।

फोन (03) 9564 7778
www.bereavementassistance.org.au

वितीय सहायता

फ्यूनरल व्यवस्थाएं महंगी हो सकती हैं और कुछ लोग Centrelink के माध्यम से वित्तीय सहायता के पात्र हो सकते हैं।
यह जाँचने के लिए कि क्या आप वित्तीय सहायता के पात्र हैं, अपने क्षेत्र में Centrelink कार्यालय से संपर्क करें।
www.centrelink.gov.au

किसे सूचित किया जाना चाहिए– जाँच सूची

किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर कई लोगों और संस्थाओं को सूचित किए जाने की आवश्यकता होती है। यदि आपके पति या आपकी पत्नी या आपके पार्टनर (सहभागी) की मृत्यु हो जाती है, तो आपके लिए संयुक्त अकाउंट्स के विवरणों को बदल कर अपने नाम पर करने की आवश्यकता हो सकती है।

निम्नलिखित सूची एक संदर्शिका के तौर पर उपलब्ध कराई गई है:

- ☐ परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, मित्रों और सहकर्मियों को
- ☐ उस व्यक्ति को जिसे वसीयत को कार्यान्वित करने का अधिकार दिया गया हो
- ☐ सॉलिसिटर (वकील) को

☐ व्यक्ति के जीवन से जुड़े डॉक्टरों, डेन्टिस्ट व अन्य स्वास्थ्य प्रैक्टिशनरों को

☐ वित्तीय संस्थाओं को (बैंक, बिल्डिंग सोसाइटीज़, सुपरएनुएशन फंड्स)।

☐ धार्मिक प्रतिनिधि या उस चर्च/मस्जिद आदि को जिसका सदस्य मृतक व्यक्ति था

☐ Medicare और हेल्थ फंड्स को

☐ बीमा कंपनियाँ (जीवन, घर, कार, इत्यादि) को

☐ नियोक्ता – मृतक व्यक्ति के नियोक्ता को और यदि आप कार्य से कुछ समय के लिए अवकाश लेना चाहते/चाहती हैं, तो आपके अपने नियोक्ता को।

☐ Centrelink– यदि व्यक्ति पेंशन प्राप्त कर रहा था।
इसके अतिरिक्त पति या पत्नी या देखभाल-कर्ता मृत्यु के पश्चात 14 सप्ताहों तक के लिए शोक भत्ते का पात्र हो सकता/सकती है। आपको तब भी उन्हें सूचित करने की आवश्यकता है, यदि आप देखभाल-कर्ता भुगतान/ भत्ता प्राप्त कर रहे/रही थी, तब भी आपको उन्हें सूचित करने की आवश्यकता है
Centrelink फोन 13 23 00
www.centrelink.gov.au

☐ सेवा-निवृत्त सैनिकों के मामलों का विभाग (Department of Veterans Affairs - DVA) को
(यदि मृतक व्यक्ति DVA पेंशन प्राप्त कर रहा हो तो)
फोन (03) 9284 6000
www.dva.gov.au

☐ मकान-मालिक को, यदि व्यक्ति किराए पर रह रहा हो तो

☐ स्थानीय सरकार या काउंसिल सहायता सेवाएं को (यदि व्यक्ति होम केयर सर्विसिज़ और /या मील्स ऑन वील्स प्राप्त कर रहा था)

☐ अन्य अस्पताल या स्वास्थ्य देखभाल संस्थाएं को जो सम्भवत: मृतक व्यक्ति की देखभाल में शामिल थी उदाहरणत: ट्रांसप्लांट यूनिट्स (प्रत्यारोपण विभाग)

☐ ऑस्ट्रेलियन कर कार्यालय (ऑस्ट्रेलियन टैक्सेशन ऑफिस) को

☐ फेडरल (संघीय) और राज्य दोनों के चुनावी कार्यालय को

☐ RACV, ऐम्बुलेंस, Vic Roads को
उदाहरणत: लाइसेंस को रद्द करने और कार रजिस्ट्रेशन को बदलने या रद्द करने के लिए

☐ क्लबों और संस्थाओं को उदाहरणत: खेलकूद और सामाजिक समूह

☐ डाक-घर और सार्वजनिक सेवाओं को जैसे कि लाइब्रेरी

☐ जनोपयोगी सेवा-प्रदाता को उदाहरणत: गैस, पानी, बिजली, टेलीफोन को रद्द करने या बिलिंग जानकारी को बदलने

शोक को समझना

भिन्न-भिन्न अभिव्यक्तियाँ और भावनाएं

किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात गहरा दु:ख होना सामान्य है और इसे कई अलग-अलग तरीकों में महसूस किया जा सकता है। कई भिन्न प्रकार के शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाएं होती हैं जिनमें सदमा पहुँचना, उदासी, क्रोध, खालीपन, भय, निराशा, अकेलापन, अपराध बोध, संवेदनशून्यता, जी मिचलना और अवसाद शामिल हैं।

शोक में राहत भी शामिल हो सकती है, विशेषकर यदि मृतक व्यक्ति कुछ समय से बीमार चल रहा हो, या आपका अथवा आपके परिवार का उस मृतक व्यक्ति से संबंध कठिनाई भरा रहा हो। कुछ लोगों को ऐसा लग सकता है कि उनकी दुनिया वहीं ठहर गई है। अथवा आप को कुछ भी भिन्न नहीं लग सकता है और सामान्य तरीके से अपना जीवन व्यतीत करना जारी रख सकते/सकती हैं।

शोक का अनुभव करने या इसे व्यक्त करने का कोई सही या गलत तरीका नहीं होता है। परिवार के सदस्य, कार्य पर सहकर्मी और मित्र अपने आस-पास के लोगों से अलग तरह से शोक का अनुभव कर सकते हैं या इसे व्यक्त कर सकते हैं।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यदि आपका शोक बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तो आपकी मदद के लिए आपके समुदाय में व्यावसायिक सलाहकार उपलब्ध होते हैं, जो इस घड़ी में आपकी सहायता कर सकते हैं। यदि अपने शोक को लेकर आपकी कोई चिंताएं हों या आपको ऐसा लगता हो कि आप शारीरिक लक्षणों या बदलावों का अनुभव कर रहे/रही हैं, तो अपने स्थानीय डॉक्टर, सलाहकार या हेल्थ प्रैक्टिशनर से परामर्श लें।

शोक के साथ जीवन-निर्वाह करना

आप शोक का अनुभव कैसे करते हैं, यह बहुत ही निजी है। कुछ लोग पसंद करते हैं कि वे:

- परिवार और मित्रों के साथ समय व्यतीत करें जबकि अन्य लोग अकेले रहना पसंद करते हैं।
- विशेष प्रथाएं करें जिनमें विशेष भोजन, सेमेट्री या विशेष महत्ता वाले स्थानों पर जाना शामिल है। अन्य लोग उन विशेष स्थानों पर जाने का निर्णय ले सकते हैं जहाँ उन्होंने मृतक व्यक्ति के साथ समय व्यतीत किया हो।
- कार्य या सामान्य गतिविधियों को वापस शुरू करना चाहते हैं, जबकि अन्य लोगों को इन कार्यों को दोबारा शुरू करने के लिए और समय चाहिए होता है या वे धीरे-धीरे धीमी गति में इन्हें दोबारा शुरू करते हैं।
- अपनी भावनाओं के बारे में किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें: जैसे कि कोई मित्र, परिजन, सहकर्मी, धार्मिक / आध्यात्मिक मार्गदर्शक, सलाहकार।
  अन्य व्यक्ति किसी से बात करने की बजाए जर्नल (डायरी) लिख कर समय व्यतीत करना पसंद कर सकता है।
- रोना – यह एक ऐसा तरीक है जिसके द्वारा शरीर उदासी और शोक को बाहर निकालता है। यदि यह आपका अनुभव है, तो एक ऐसा स्थान खोजें जहाँ अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में आप सुरक्षित महसूस करते/करती हैं और भावनाओं को बाहर निकलने दें। अन्य लोगों को रोना कठिन लग सकता है।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि जो बात आपके लिए सहायक हो सकती है वो आपके आसपास के अन्य लोगों के लिए शायद समान रूप से सहायक न हो। ऐसा हो सकता है कि आपके करीबी लोग भी आपकी भावनाओं पर प्रतिक्रिया पाने में सक्षम न हो पाएं। यदि संभव हो, तो अपने आसपास के लोगों को यह बताने की कोशिश करें कि आप क्या चाहते/चाहती हैं कि वे कैसा व्यवहार करें। शोक की प्रबलता के गुजरने के पश्चात इसपर और अधिक ध्यानपूर्वक तरीके से सोच-विचार किया जा सकता है और आप इस बारे में निश्चित हो सकते/सकती हैं कि आपके द्वारा लिए जाने वाले निर्णय आपके लिए सही हैं। जो बात किसी समय सही लगती हो वो किसी अन्य समय के लिए गलत हो सकती है।

अपने शोक को लेकर धीरज रखें क्योंकि हर व्यक्ति को इससे उबरने में अलग-अलग समय लगता है। कुछ लोग शोक को दूर नहीं कर पाते हैं परंतु यह समय के साथ-साथ सहनीय हो जाता है। जैसे-जैसे इसकी प्रबलता कम होती जाती है, वैसे-वैसे विशेष सकारात्मक यादों पर ध्यान देना तथा एक बार फिर से अपने जीवन को आकार देना और आसान हो जाएगा।

कोशिश करें कि आप अपना घर बेचने, नौकरी छोड़ने, या मृतक व्यक्ति का कोई सामान या सम्पत्ति या स्मृतिचिन्ह किसी को देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने का दबाव महसूस न करें।

बच्चों की सहायता करना
शोक व्यक्त करने और अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में बच्चों की सहायता करने का कार्य भिन्न-भिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और परिवारों में भिन्न-भिन्न होता है। जहाँ आपकी विशिष्ट परंपराओं के लिए उचित हो, वहाँ अपने बच्चों के विचारों व उनकी भावनाओं को साझा करने में उनकी सहायता और मृतक व्यक्ति को याद करने या उन्हें सम्मानित करने के किन्हीं समारोहों में भाग लेने के लिए बच्चों की सहायता करने का प्रयास करें।

मृत्यु होने का क्या अर्थ होता है?
अपनी आयु पर निर्भर करते हुए, बच्चे वयस्कों से अलग तरह से अपना शोक प्रकट करते हैं। इसमें मृतक व्यक्ति के बारे में बहुत से प्रश्नों का पूछा जाना शामिल हो सकता है:

- वे कहाँ हैं?
- उनके साथ क्या हो रहा है?
- वे घर कब आएंगे?
- वे कहाँ जा रहे हैं?

यदि बच्चों ने किसी पालतू पशु की मृत्यु या किसी प्रियजन की मृत्यु का अनुभव न किया हो, तो वे यह जानना चाह सकते हैं कि मृत्यु होने का क्या अर्थ होता है। बच्चों के प्रश्नों का उत्तर जितना संभव हो सके उतनी ईमानदारी से देना बहुत महत्वपूर्ण होता है, और यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि वे उत्तर उनकी आयु के अनुरूप हों। यदि आप या परिवार के अन्य सदस्य इन प्रश्नों का उत्तर देने में आश्वस्त महसूस नहीं करते हैं, तो इसमें आपकी मदद करने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों, फ्यूनरल डॉयरेक्टर या किसी सलाहकार से निवेदन करें।

ऐसे उत्तर जो अस्पष्ट हों, या यह दर्शाते हों कि मृतक व्यक्ति कहीं दूर चला गया है या नींद में है, बच्चों की उलझन व कभी-कभी उनकी परेशानी को और अधिक बढ़ा देते हैं। बच्चों के लिए यह न जानना कि वह व्यक्ति कहाँ है, उनके लिए उस परिस्थिति में दूसरे वयस्कों की इस बात पर विश्वास करना और कठिन बना देता है कि कोई अन्य वयस्क अनुपस्थित है और वे उनको दिए वायदे के अनुसार लौट आएंगे। कभी-कभी बच्चों को यह भय होता है कि ये वयस्क भी उन्हें छोड़ कर चले जाएंगे। उन्हें इस बात का आश्वासन देने की आवश्यकता होती है कि ऐसा नहीं होगा, और यह कि उनकी देखरेख किए जाने और उन्हें प्यार किया जाना जारी रहेगा।

बच्चों यह जानने के लिए भी उत्सुक हो सकते हैं कि मृतक व्यक्ति कब वापस आएगा, कुछ बच्चे ऐसा भी सोच सकते हैं कि यदि मृतक व्यक्ति से हमेशा से उनका संपर्क रहा था और अब कोई भी संपर्क नहीं है, तो इसमें उनकी कोई गलती है।

बच्चों द्वारा शोक प्रकट करना
बच्चे अक्सर वयस्कों से अलग तरह से शोक प्रकट करते हैं, वे अपने आचरण द्वारा भावनाओं

को व्यक्त करते हैं जैसे कि वियोग को लेकर होने वाली चिंता, भूख में कमी, दिवा स्वप्न देखना और अशांतिकारक बनना। कुछ बच्चे ऐसे व्यवहार कर सकते हैं जैसे किसी प्रियजन की मृत्यु का उनपर कोई प्रभाव न पड़ा हो। संबंध-विच्छेद या गतिविधियों में रूचि का अभाव एक अन्य प्रकार की प्रतिक्रिया हो सकती है। बच्चों को अपनी भावनाओं को इस प्रकार व्यक्त किए जाने के अवसर देने की आवश्यकता होती है जो सुरक्षित हों और जिनसे वे आश्वस्त महसूस करें।

कभी-कभी बच्चे किसी ऐसे व्यक्ति की मृत्यु से अप्रभावित हुए प्रतीत हो सकते हैं जिनको वे जानते हों और वे अपनी भावनाओं को अनुचित प्रकार से व्यक्त कर सकते हैं, इसमें फ्यूनरल पर खेलना या हँसना अथवा जल्द ही 'सामान्य' गतिविधियों को पुन: शुरु करना शामिल है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उनको परवाह नहीं है, इसका अर्थ यह हो सकता है कि अपनी भावनाओं से निपटने से पहले उन्हें समय की आवश्यकता है। यदि बच्चे परेशान या चिंतित नहीं हैं, वयस्कों को तब तक चिंता नहीं करनी चाहिए जब तक कि वे बच्चे/बच्ची के आचरण में ऐसे बदलाव न देख लें जो असामान्य हो या जो उन्हें चिंतित करते हों।

अध्यापकों और प्री-स्कूल के कर्मचारियों जैसे बच्चों के देखभाल-प्रदाताओं को मृत्यु के बारे में बताया जाना चाहिए ताकि वे उचित रूप से बच्चे/बच्ची की मदद करने में सक्षम हो सकें व आचरण संबंधी उन परिवर्तनों से अवगत रह सकें जिनपर ध्यान देने की ज़रुरत हो सकती है।

अंतिम दर्शन करने की प्रक्रिया में बच्चों को शामिल करना
मृतक व्यक्ति के अंतिम दर्शन करने की प्रक्रिया में बच्चों को शामिल किए जाने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जहाँ ऐसा करना आपकी संस्कृति के अनुसार उचित हो। कभी-कभी बच्चे कॉफिन (शवपेटी) पर विशेष वस्तुओं को रखना पसंद करते हैं। यदि वे खुद से ऐसा नहीं कर सकते हैं, तो इन वस्तुओं को फ्यूनरल डॉयरेक्टर को दिया जा सकता है ताकि वे बच्चों की ओर से इन्हें व्यवस्थित कर सकें।

जिन बच्चों को कॉफिन सील किए जाने से पहले मृतक व्यक्ति के अंतिम दर्शन करने का अवसर दिए जाने के लिए समर्थित किया जाता है, वे अक्सर और अधिक वास्तविक रूप से यह समझते हैं कि वह व्यक्ति अब जीवित नहीं है, बातें नहीं करता है और चलता-फिरता नहीं है। यह समझ उनके लिए यह स्वीकार करना आसान बना सकता है कि व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है और वे बक्से या जमीन के अंदर जीवित नहीं हैं, अन्यथा ऐसा समझना महत्वपूर्ण तौर पर परेशानी पैदा कर सकता है।

बच्चों को फ्यूनरल सेवाओं में शामिल करना
बच्चों को किसी भी प्रकार की सर्विस (उपासना), रस्म या याद करने के समय में शामिल करना उन्हें जो घटित हो रहा है उसमें शामिल होने का अवसर देता है। उनकी आयु पर निर्भर करते हुए, उन्हें किसी ऐसी कहानी को साझा करने या ऐसी तस्वीर बनाने का अवसर

दिया जा सकता है जो उनके लिए मृतक व्यक्ति से संबंधित किसी महत्वपूर्ण वृत्तांत को दर्शाती हो। सर्विस लीफलेट (उपासना लघुपत्र) या किसी प्रकार का स्मृतिचिन्ह देने जैसा सामान्य कार्य भी उन्हें शामिल करने के लिए पर्याप्त हो सकता है।

किसी भी सहभागिता का सबसे महत्वपूर्ण भाग किसी ऐसे वयस्क की मौजूदगी है जो उनके द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर ईमानदारी से और उनकी आयु के अनुरूप देगा। इस वयस्क को अपने आप को यह समझाना ज़रूरी है कि क्या हो रहा है और ऐसा क्यों हो रहा है, और लोगों द्वारा किए जाने वाले भिन्न कार्यों का क्या अर्थ है। यह वयस्क कोई विश्वसनीय परिजन या मित्र हो सकता है।

यदि आप बच्चों को फ्यूनरल की तैयारियों के इन पहलुओं में से किसी भी पहलु में शामिल करना चाहते/चाहती हैं और आपको ऐसा लगता है कि आप उनके लिए वयस्क समर्थन व्यक्ति के रूप में कार्य नहीं कर पाएंगे/पाएंगी, तो किसी ऐसे वयस्क की व्यवस्था करें जो इस कार्य में आश्वस्त महसूस करता हो, या इस बारे में अपने फ्यूनरल डॉयरेक्टर से चर्चा करें।

आने वाले सप्ताहों के दौरान सहायता
सहायता सेवाएं
समुदाय की कुछ ऐसी संस्थाओं के संपर्क विवरण नीचे प्रदान किए गए हैं जो किसी प्रियजन की मृत्यु के पश्चात वैयक्तिकों की सहायता करती हैं, जो आपके शोक में आपकी बात सुनने और आपकी सहायता करने में सक्षम होती हैं:

NALAG (VIC)
हानि व शोक की राष्ट्रीय संस्था
NALAG आपके स्थानीय क्षेत्र में सलाहकारों का संपर्क विवरण प्रदान कर सकता है।
फोन 1800 100 023 (नि:शुल्क कॉल)
www.nalagvic.org.au

शोक दूरसंचार-सेवा
चौबीसो घंटे की शोक टेलीफोन सलाह सेवा (दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक)
फोन (03) 9935 7400
www.griefline.org.au

शोक व वियोग का ऑस्ट्रेलिया केन्द्र
शोक सलाह सेवा
फोन (03) 9265 2100
या 1800 642 066 (नि:शुल्क कॉल)
www.grief.org.au

रोड ट्रामा स्पोर्ट टीम
शोकसंतप्त सहायता समूह
फोन - 1300 367 797 (नि:शुल्क कॉल)

पूर्वी क्षेत्रीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
कम लागत की सलाह उपलब्ध कराती है:

Inner East सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
फोन (03) 9818 6703
www.iechs.org.au

Eastern Access सामुदायिक स्वास्थ्य, (EACH)
फोन (03) 9879 3933
www.each.com.au

Knox सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा
फोन (03) 9757 6200
www.kchs.org.au

Monash Link सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा
फोन 1300 552 509
www.monashlink.org.au

Inspiro सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा
फोन (03) 9738 8801 (Lilydale)
www.inspiro.org.au

Whitehorse सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
फोन (03) 9890 2220
www.wchs.org.au

Yarra Valley सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा
फोन 1300 130 381
www.easternhealth.org.au/yarra/yvchs

प्रशामक देखभाल संस्था, मनोवैज्ञानिक,
सामाजिक कार्यकर्ता और सलाहकार
अपनी स्थानीय टेलीफोन डायरेक्टरी देखें या Eastern Health के कर्मचारियों से चर्चा करें

सहानुभूतिशील मित्र- शोकसंतप्त माता-पिता केन्द्र
उन माता-पिता के लिए जिन्होंने किसी भी आयु के अपने पुत्र या अपनी पुत्री की, किसी भी कारणवश हुई मृत्यु का सदमा सहा हो।
फोन (03) 9888 4944 या 1800 641 091(नि:शुल्क कॉल)।
www.compassionatefriendsvictoria.org.au

SANDS: मृत जन्म और नवजात शिशु की मृत्यु से संबंधित सहायता (विक्टोरिया)
किसी शिशु की मृत्यु से प्रभावित लोगों के लिए सेवा।
फोन 1300 072 637
www.sandsvic.org.au

SIDS और किड्स विक्टोरिया
फोन: 1300 308 307
www.sidsandkidsvic.org

सडन इन्फेंट डेथ फाउंडेशन
आकस्मिक और अप्रत्याशित मृत्यु से प्रभावित होने वाले सभी लोगों के लिए एक सेवा
फोन (03) 9822 9611
या 1300 308 307 (नि:शुल्क कॉल)।

कैंसर काउंसिल विक्टोरिया
फोन 13 11 20
www.cancervic.org.au

अधिक जानकारी के लिए कृपया Eastern Health के किसी भी स्थल में सोशल वर्क डिपॉर्टमेंट (Social Work Department) से संपर्क करें।

संसाधन उपलब्धता
सम्भवत: आपकी भाषा में उपलब्ध किसी भी सामग्री के सुझाव के लिए Eastern Health के कर्मचारियों से बात करें।

टिप्पणियाँ